# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(बारहवां सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## शुक्रवार, 26 अगस्त, 2016/4 भाद्रपद, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 45**

----

### बस सेवा

***3419 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सड़कें पास की गई;

(ख) इनमें से कितनी सड़कों पर HRTC की बसें चल रही हैं और कितनों पर चलनी शेष हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इन पर कब तक बसें चला दी जाएंगी; ब्यौरा दें?

----

### पेयजल की आपूर्ति

***3420 श्री सुरेश भारद्वाज(शिमला) :**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में शिमला शहर को किस-किस योजना द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जाती है;

(ख) सरकार द्वारा क्या शिमला नगर निगम को पेयजल की आपूर्ति करने का कार्य सौंप दिया है; यदि हां, तो कब;

(ग) प्रथम जून से 31 जुलाई, 2016 तक शिमला शहर में पेयजल की आवश्यकतानुसार आपूर्ति न करने के क्या कारण हैं और पेयजल की आपूर्ति की राशनिंग कब से की गई है; ब्यौरा दें; और

(घ) नगर निगम क्या पेयजल का शुल्क मासिक फ्लैट रेट पर ले रहा है; यदि हां, तो कारण?

----

**Employment to Himachalis**

*3421 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the condition of 70% Himachalis in the industrial units at BBN area is adhered or not; details in respect of all the units be given;

(b) It is true that the workers are being retrenched in these units for the last three years; and

(c) if yes, the details of retrenched workers unit-wise alongwith reasons be given?

----

**वर्षा से नुकसान**

*3422 **श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**
**श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**
**श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री मनोहर धीमान(इन्दौरा) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हाल ही में प्रदेश में हुई भारी बरसात से कितना जान-माल का नुकसान हुआ है; ब्यौरा खण्डवार दें;

(ख) सरकार ने क्या प्रभावितों को आर्थिक सहायता देने हेतु धनराशि जिलाधीशों को वितरित कर दी है; और

(ग) यदि हां, तो ब्यौरा खण्डवार दें?

----

## मेला कमेटी द्वारा एकत्रित धनराशि

***3423 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेला, 2016 के दौरान मेला कमेटी (Mela Committee) द्वारा कितनी धनराशि विभिन्न स्त्रोतों से एकत्रित की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस राशि का उपयोग किस-किस कार्य के लिए किया गया; प्रत्येक कार्य में कितनी-कितनी धनराशि खर्च की गई तथा कितनी राशि शेष है?

----

## निर्विरोध चुनी पंचायतों को ईनाम

***3424 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा प्रदेश में निर्विरोध चुनी गई पंचायतों को 10 लाख रूपये ईनाम देने का प्रावधान किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो यह राशि कब तक सभी पंचायतों को दे दी जाएगी तथा इस धनराशि को खर्च करने के लिए क्या guidelines जारी की गई हैं; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु आरक्षण

***3425 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि संविधान के 93वें संशोधन के प्रावधान अनुसार केंद्रीय शिक्षण संस्थानों व अन्य राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27% आरक्षण दिया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो प्रदेश सरकार द्वारा MBBS तथा प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग को कितने प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## Action Against Officials

***3426 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) how much cost has been incurred to repair the damaged 120MV Bhawa Power House, Bhawa Nagar (Kinnaur);

(b) whether it is a fact that the same has been damaged due to the negligence of officials posted over there; and

(c) If yes, what action has been taken against those officials?

----

## बस अड्डे का निर्माण

***3427 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) तीसा के भंजराडू में बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक शुरू किया जाएगा; ब्यौरा दें; और

(ख) इस बस अड्डे के निर्माण से कितने लोग विस्थापित हुए; ब्यौरा नाम पते सहित दें?

----

## एच0पी0बी0एल0 का गठन

***3428 श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में The Himachal Pradesh Beverages Ltd.(HPBL) का गठन कब किया गया तथा इसका प्रशासनिक ढांचा व उद्देश्य क्या है; ब्यौरा दें;

(ख) इसमें नियुक्त शासकीय व गैर-शासकीय सदस्यों/पदाधिकारियों का ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ग) दिनांक 31-7-2016 तक इसके गठन के उपरान्त इसके माध्यम से कितना कारोबार किया गया; ब्यौरा दें?

----

## कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान

***3429 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31.7.2016 तक प्रदेश में कितने कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान पंजीकृत हैं तथा कितने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया; ब्यौरा संस्थानवार दें;

(ख) प्रदेश में कितने कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान थे जिन्होंने जाली दस्तावेज देकर धनराशि प्राप्त की है; उनके खिलाफ क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा संस्थानों का नाम-पते सहित दें;

(ग) प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रति-माह कितना कौशल विकास भत्ता दिया जाता है और दिनांक 31.7.2016 तक कितने प्रशिक्षणार्थियों को कितनी धनराशि देय थी तथा कितनी दी गई;

(घ) इस अवधि तक सरकार ने प्रशिक्षणार्थियों को कितनी धनराशि का भुगतान किया है तथा कितनी शेष है; ब्यौरा केन्द्रवार दें;

(ड.) विभिन्न संस्थानों में कितने-कितने ट्रेड चले हैं; उनकी प्रशिक्षण अवधि ट्रेडवाईज कितनी-कितनी है; bye-laws की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(च) भारत सरकार से आज तक कितनी धनराशि कौशल विकास के लिए प्राप्त हुई है; ब्यौरा वर्षवार दें?

----

## पब्बर नदी का तटीयकरण

***3430 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार पब्बर (रोहड़ू) नदी के तटीयकरण का कार्य कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## सरकाघाट मल प्रवाह परियोजना

***3431 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट मल प्रवाह परियोजना का कार्य कब आरम्भ किया गया और इसे पूर्ण करने का क्या लक्ष्य निर्धारित था;

(ख) वर्तमान में इसका कितना कार्य हो चुका है; ब्यौरा शेष बचे कार्य का विलम्ब के कारणों सहित दें; और

(ग) शेष कार्य को कब तक पूर्ण कर दिया जायेगा?

----

## Cement Plant

***3432 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is any proposal to setup a cement plant in Chamba District;

(b) whether the process for the same has been initiated; and

(c) what is the latest position; detail be given?

----

## कोट-देवीदढ़ सड़क

***3433 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत कोट देवीदढ़ सड़क की टारिंग का कार्य कब किया गया; ब्यौरा दें;

(ख) इसकी टारिंग का टेंडर किसको आबंटित किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) इस सड़क की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## Marketing Yard

***3434 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that since two years land has been identified & process started for construction of Marketing Yard at Lahaul (Dalang); and

(b) how long will it take for transfer of land & construction of building for early opening of Marketing Yard in the interest of public?

----

## भवन निर्माण

***3435 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम के नेरवा डिपो के भवन का निर्माण नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो भवन निर्माण न करने के क्या कारण हैं; और

(ग) विभाग के पास क्या भूमि उपलब्ध है और इस भवन का निर्माण कब तक कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## कर की अदायगी

***3436 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगर निगम क्षेत्र में सरकारी एवं निजी अस्पताल, शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं सरकारी व अर्धसरकारी कार्यालय में युनिट एरिया मैथड के अन्तर्गत टैक्स (कर) निर्धारित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसके अन्तर्गत कितनी धनराशि प्राप्त हुई और ऐसे कितने सरकारी/गैर सरकारी कार्यालय, संस्थान, विद्यालय और विश्वविद्यालय हैं जिन्होंने कर की अदायगी नहीं की है; ब्यौरा संस्थानवार दें; और

(ग) सरकार द्वारा जिन संस्थानों ने कर की अदायगी नहीं की है उनके विरूद्व क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें?

----

## मल-प्रवाह योजना

***3437 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वर्तमान में जिला ऊना के अन्तर्गत मल-प्रवाह योजनाओं का कार्य किन-किन स्थानों पर किया जा रहा है और इस पर कितनी धनराशि व्यय की जानी प्रस्तावित है; ब्यौरा विधान सभा क्षेत्रवार दें; और

(ख) गगरेट विधान सभा चुनाव क्षेत्र में मल-प्रवाह योजना का कितने प्रतिशत कार्य हो चुका है ?

----

## विकास कार्य हेतु धनराशि

***3438 श्री गोविन्द राम शर्मा(अर्की) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गुजरात अम्बुजा सीमेन्ट कम्पनी द्वारा विकासात्मक कार्य हेतु कितनी धनराशि दी गई;

(ख) यह धनराशि किन-किन कार्यों पर व्यय की गई; ब्यौरा ग्रामवार दें;

(ग) इस कम्पनी द्वारा कितने लोगों की भूमि अधिग्रहण की गई और भूमि मालिकों को क्या मुआवज़ा अदा कर दिया गया है; यदि नहीं, तो ब्यौरा कारण सहित दें; और

(घ) यह भी सत्य है कि इस अधिग्रहण हेतु पुलिस बल का प्रयोग किया गया; यदि हां, तो सरकार ने प्रशासन के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई; ब्यौरा दें?

----

## बस अड्डा बैजनाथ

***3439 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बैजनाथ में बस स्टैंड का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें ?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग -72

***3440 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में राष्ट्रीय उच्च मार्ग-72 कालाअम्ब से पांवटा साहिब तक सड़क की मरम्मत हेतु कितनी-कितनी धनराशि, किस-किस कार्य के लिए स्वीकृत की गई व किस-किस कार्य पर व्यय की गई; ब्यौरा कार्यवार दें; और

(ख) इस उच्च मार्ग के मारकंडा नदी पर बने खजुरना पुल से लेकर क्तासन माता मंदिर तक सड़क की मरम्मत हेतु क्या-क्या कार्य किए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***3441 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निम्न पाठशालाओं के भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है:-

1. 10+2 स्कूल टूण्डी; 2. राजकीय माध्यमिक पाठशाला गोधरा व त्रिठा 3. राजकीय प्राथमिक पाठशाला सिम्बल घट्टा, भरेरा-I, चक्की और खुईं; और

(ख) विभाग द्वारा इन भवनों की मरम्मत तथा इनके पुनर्निर्माण हेतु क्या-क्या पग उठाये गए हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## सहायक/कनिष्ठ अभियन्ताओं की रिक्तियां

***3442 श्री खूब राम (आनी)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) वर्तमान में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल आनी में कितने पद सहायक अभियन्ता तथा कनिष्ठ अभियन्ता के स्वीकृत हैं और इनमें से कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## खेल स्टेडियम का निर्माण

***3443 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार क्या शिमला शहर के निकट कटासनी नामक स्थान पर खेल स्टेडियम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो सरकार इस का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ करने जा रही है; और

(ख) यह स्टेडियम क्रिकेट स्टेडियम होगा या अन्य खेलों के लिए भी इसका उपयोग होगा; विवरण दें?

----

## Filling up of Vacant Posts

***3444 Sh. Krishan Lal Thakur(Nalagarh) :**
**Sh. Govind Ram Sharma(Arki) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-
(a) how many posts of TGT(Medical), (Non-Medical), (Arts), Headmasters and Lecturers of various subjects are lying vacant in most of High and Senior Secondary Schools of the State;

(b) if so, by when these posts will be filled up;

(c) how many posts of above category are lying vacant(school-wise) in respect of Nalagarh Assembly Constituency; and

(d) by when these posts will be filled up?

----

## पाठशालाओं की स्थापना

***3445 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 31.7.2016 तक सिराज़ विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी नई पाठशालाओं की स्थापना की गई; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## ठेकेदारों को कार्य की अदायगी

***3446 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) दिनांक 1-1-2013 से 31-12-2015 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल पालमपुर के अन्तर्गत कितने हैंडपम्पों को क्रियाशील (Energise) करने हेतु विद्युत मोटरें लगाने का ठेका किन-किन ठेकेदारों को दिया गया; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम पते व हैंडपम्प पर व्यय राशि सहित दें;

(ख) इन ठेकेदारों में से कितनों ने आबंटित कार्य पूर्ण कर लिया है और कितनों का शेष रहता है; ब्यौरा नाम पते सहित दें; और

(ग) जिन ठेकेदारों ने कार्य पूर्ण कर लिया है उनके कार्य की अदायगी क्या विभाग द्वारा कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण और यह अदायगी कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## तकनीकी सहायकों का नियमितीकरण

***3447 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या तकनीकी सहायकों जिन्होंने 10-15 वर्षों का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है उनको नियमित करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## प्राथमिक पाठशालाएं

***3448 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी प्राथमिक पाठशालाएं कार्यरत हैं;

(ख) इन पाठशालाओं में कितने विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं तथा कितने अध्यापक कार्यरत हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें; और

(ग) ऐसी कितनी पाठशालाएं हैं जहां एक ही कमरा है और उसमें तीन-तीन कक्षाएं बिठाई जा रही हैं; ब्यौरा दें?

----

**उप-मण्डलाधिकारी की रिक्ति**

***3449 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजगढ़ में उप-मण्डलाधिकारी (SDM) का पद कब से रिक्त है तथा इस पद को कब तक भर दिया जाएगा?

----

**132 के0वी0 सब-स्टेशन कांगड़ा**

***3450 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कांगड़ा 132 के0वी0 सब-स्टेशन में 11 के0वी0 के पुराने ब्रेकर लगाने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

**Officers of Doubtful Integrity**

***3451 Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Government has made survey to identify the officers having doubtful integrity;

(b) if yes, how many officers of various Departments of State having doubtful integrity; details be given name-wise; and

(c) out of these how many officiers are posted in the sensitive places in the State; details with reasons be stated?

----

**पॉलीहाऊस हेतु अनुदान**

***3452 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत एक वर्ष में सरकार ने प्रदेश में स्वरोज़गार के लिए कितने प्रशिक्षित बेरोज़गारों को

पॉलीहाऊस लगाने के लिए अनुदान दिया; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) चुराह विधान सभा चुनाव क्षेत्र के सभी प्रशिक्षित बेरोज़गारों को क्या उनकी मांग पर पॉलीहाऊस लगाने के लिए धनराशि दी गई है; यदि हां, तो ब्यौरा नाम पते सहित दें?

----

## नागरिक अस्पतालों में रिक्तियां

***3453 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा नागरिक अस्पताल (Civil Hospital) में चिकित्सकों/विशेषज्ञों व पैरा-मैडिकल स्टाफ के पद सृजित करने के क्या मापदण्ड निर्धारित हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) वर्तमान में प्रदेश में विभिन्न नागरिक अस्पतालों (Civil Hospitals) में कितने चिकित्सक/विशेषज्ञ व पैरा-मैडिकल स्टाफ के पद सृजित हैं तथा उनमें से कितने पद भरे हुए हैं और कितने रिक्त हैं; ब्यौरा नागरिक अस्पतालों का पदवार दें?

----

## अवैध निर्माण को नियमित करना

***3454 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में और साडा के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में किए गए अवैध निर्माणों को नियमित करने हेतु कुछ माह पूर्व एक अध्यादेश One Time Settlement हेतु जारी किया है; यदि हां, तो कब; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) दिनांक 31.3.2016 तक शिमला नगर निगम, नगर परिषदों, नगर पंचायतों और साडा के अन्तर्गत क्षेत्रों में इकाईशः कितने-कितने मामले प्राप्त हुए और कितनों का निपटारा आवेदकों के पक्ष में किया गया और कितने मामले अभी भी लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल योजनाओं का निर्माण

***3455 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) प्रदेश में कितनी पेयजल योजनाएं हैं जिनका निर्माण कार्य वर्ष 2012 में प्रारम्भ हुआ था परन्तु अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है; ब्यौरा योजना के नाम व स्वीकृत राशि और दिनांक 31-7-2016 तक किए गए कार्य सहित दें; और

(ख) LWSS सरकाघाट/LWSS कांढापतन बीड-पटा-समसोह स्कीम की वस्तुस्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## सब्जी मण्डी का निर्माण

***3456 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू (मेहन्दली) में नई सब्जी मण्डी का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## विज्ञान प्रयोगशाला

***3457 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जमनी के विज्ञान प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो किसके द्वारा और कब;

(ग) यह भी सत्य है कि इस भवन में दिनांक 31.07.2016 तक पानी, बिजली व वांछित उपकरण नहीं लगाये गये हैं; और

(घ) यदि हां, तो कारण?

----

## Primary Assistant Teacher

***3458 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) on 31st July, 2016 how many PAT are employed in Elementary Education Department in the State (district-wise figures be given); and

(b) whether any policy to regularize PAT has been framed by State Government ?

----

## कला संकाय की कक्षाएं

***3459 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य हैं कि नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र में कुछ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में कला संकाय की कक्षाएं शुरू नहीं हुई हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन पाठशालाओं में कब तक कला संकाय की कक्षाएं शुरू की जाएंगी ?

----

## Helipad

***3460 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Sissu & Gandla helipads are used in winters for evacuation of patients & other emergent services;

(b) whether it is also a fact that residents of Gandla & Sissu have requested for metalling and tarring of these helipads; and

(c) if so, by when the Government proposes metalling and tarring of these helipads for proper landing of helicopters in winters?

----

## नेरवा डिपो हेतु बसें

***3461 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 31.07.2016 को हिमाचल पथ परिवहन निगम डिपो नेरवा में कितनी बसों का फ्लीट(Fleet) है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा क्या इस डिपो में नई बसें उपलब्ध करवाई गई हैं; ब्यौरा दें?

----

## भट्टाकुफर-चुरटनाला सड़क

***3462 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा भट्टाकुफर फल मण्डी से चुरटनाला सड़क का निर्माण कब किया गया तथा इस सड़क की लम्बाई कितनी है और इस सड़क के कितने भाग को पक्का किया गया है व कितना शेष है; और

(ख) इस सड़क को पक्का करने के टेंडर कब लगाए गए थे तथा कार्य किस ठेकेदार को दिया गया व इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें ?

----

## इन्दिरा गांधी स्टेडियम

***3463 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार की इस वित्तीय वर्ष में बैजनाथ में इन्दिरा गांधी स्टेडियम की मरम्मत व विस्तारीकरण की क्या योजना है; ब्यौरा दें ?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 10 अगस्त, 2016.** **सचिव।**